### साढ़ को दो तरफ से फोरलेन से जोड़ा जाएगा, प्रयागराज और सागर हाईवे से कनेक्ट होगा

# दो नेशनल हाईवे से जुड़ेगा डिफेंस कॉरिडोर

**अच्छी खबर**



- प्रयागराज हाईवे से सरसौल होकर जोड़ने को 2.33 अरब का बजट पास
- सागर हाईवे से रमईपुर तक का प्रस्ताव भी स्वीकृत, रिंग रोड से हो जाएगी कनेक्टिविटी

**कानपुर, प्रमुख संवाददाता।** साढ़ स्थित डिफेंस कॉरिडोर को दो नेशनल हाईवे से जोड़ा जाएगा। दिल्ली-कानपुर-प्रयागराज एनएच-2 और रमईपुर में कानपुर-सागर नेशनल हाईवे से फोर लेन रोड नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। साढ़ को सरसौल के नर्वल मोड़ से जोड़ा जाएगा। 15.12 किमी की यह रोड 233 करोड़ से बनेगी। इसके लिए 190 करोड़ जारी किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 24 अप्रैल को शहर आगमन पर पीडब्ल्यूडी इसके शिलान्यास की तैयारी कर रहा था। पर इसे अगले चरण में कराने की तैयारी है।

लोक निर्माण विभाग ने जमीन अधिग्रहण व पुनर्ग्रहण की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी की है। डिफेंस कॉरिडोर को फोर लेन के जरिये मुख्य मार्गों से जोड़ने पर डिफेंस कॉरिडोर में निवेश बढ़ेगा। रक्षा इकाइयों के उत्पादों वकच्चा माल आपूर्ति के लिए ट्रांसपोर्टेशन में आसानी होगी। अभी यहां अदाणी डिफेंस का गोला-बारूद कॉम्पलेक्स चल रहा है। यूपीडा साढ़ में डिफेंस कॉरिडोर बना रहा है।

> साढ़ को फोर लेन नेटवर्क से जोड़ने से डिफेंस कॉरिडोर में रक्षा इकाइयों के निवेशकों को आसानी होगी। माल लाने ले जाने में आसानी होगी। सागर हाईवे से भी साढ़ को फोर लेन रोड से कनेक्टिविटी मिलेगी। - **रविदत्त कुमार**, चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी कानपुर

## 15 किमी फोरलेन सड़क बनाने में खर्च होंगे 2.33 अरब

सरसौल के नर्वल मोड़ से साढ़ चौराहे तकी दूरी 15.12 किमी है। अभी रोड टू लेन और डेढ लेन बनी है। इससे ट्रकों की आवाजाही मुश्किल होती है। अब इस सेक्शन में फोर लेन सड़क बनेगी। जमीन अधिग्रहण से लेकर सड़क बनाने तक 2.33 अरब का खर्च आएगा। इसके बन जाने से उद्यमियों को माल लाने और ले जाने में दिक्कत नहीं आएगी। साढ़ का दूसरा रूट टू लेन नौबस्ता-हमीरपुर नेशनल हाईवे पर रमईपुर में जुड़ता है लेकिन यह रूट बुंदेलखंड से आने वाले मौरंग-गिट्टी के ट्रकों की आवाजाही से जाम लगता है।

## सागर हाईवे से भी फोर लेन होगी साढ़ की कनेक्टिविटी

नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे में साढ जाने के लिए रमईपुर से टू लेन की सड़क है। यह नेशनल हाईवे भी टू लेन है। साढ से रमईपुर तक फोरलेन सड़क का प्रस्तावित स्वीकृत कर लिया गया है। सड़क के फोर लेन होने और नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे के समानंतर कानपुर-भोपाल फोर लेन नेशनल हाईवे का भी काम हो रहा है। इस सड़क को नए हाईवे से जोड़ने पर साढ को दोनों रास्तों से फोर लेन से जोड़ा जाएगा। कॉरिडोर में निवेश के लिए बड़े समूहों ने प्राधिकरण से भूखंड आवंटित करने का आग्रह किया है। निवेश बढ़ाने के साथ ही बेहतर ट्रांसपोर्टेशन के लिए फोर लेन रोड की जरूरत के आधार पर काम कराए जा रहे हैं। भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना जारी की जा चुकी है। अब किसानों से सुलह के आधार पर भूमि लेने की कवायद हो रही है। साथ ही रिंग रोड की कनेक्टिविटी भी दी जाएगी।